आर टी आई मामला/
स्पीड पोस्ट द्वारा

फा. सं. 36/01/2014-आर एंड एस ओ(पार्ट-II)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
(एफ एफ आर प्रभाग)

एन डी सी सी-II भवन, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली-110001, दिनांक: 15 मई, 2014

सेवा में,

श्री संतोष कुमार,
पुत्र स्व. श्री जगदीश चन्द
निवासी मकान सं. 534, वार्ड संख्या-1
गोपी कालोनी, फरीदाबाद, हरियाणा।

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत जानकारी।

महोदय,

कृपया, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत जानकारी मांगने से संबंधित अपने दिनांक 23.04.2014 के आर टी आई आवेदन का संदर्भ लें जो इस प्रभाग में दिनांक 25.04.2014 को प्राप्त हुआ।

2. इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.06.1951 का मूल दावा आदेश, दावा फाइल सं पी/डी जी1/127 में उपलब्ध है। उसकी प्रति आपको भुगतान एवं लेखा अधिकारी, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के पक्ष में 2/-प्रति पृष्ठ के हिसाब से 4/- का भारतीय पोस्टल/डी डी/भुगतान आदेश/नकद रसीद के रूप में भुगतान करने पर उपलब्ध करायी जा सकती है।

3. आपके आवेदन के साथ संलग्न शेष दस्तावेज आबंटन/सम्पत्ति फाइल से संबंधित हैं, जिससे संबंधित रिकॉर्ड हरियाणा सरकार को अंतरित हो गए हैं। उनकी प्रतियां हरियाणा राज्य सरकार से प्राप्त की जा सकती है।

4. इस कार्यालय में अपीलीय अधिकारी, संयुक्त सचिव (एफ एफ आर), गृह मंत्रालय, एन डी सी सी-II भवन, जयसिंह रोड, नई दिल्ली हैं।

भवदीय

(श्याम सुन्दर)
उप सचिव. एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

प्रतिलिपि, प्रेषित:-

अनुभाग अधिकारी, आई टी सेल, गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को इसे एम एच ए वेबसाइट में अपलोड करने हेतु। दिनांक 23.04.2014 के आर टी आई आवेदन की प्रति संलग्न है।

संलग्नक: यथोपरि

(श्याम सुन्दर)
उप सचिव. एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी